Title: Need to start conversion work of Gonda-Bahraich narrow-gauge rail line into broad-gauge and extend it up to Tikonia, U.P.

श्री पदमसेन चौधरी (बहराइच) : अध्यक्ष महोदय, गोंडा से बहराइच तक छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदलने की बड़े लम्बे समय से मांग की जाती रही है। लेकिन अभी तक इस लाइन को बड़ी लाइन में नहीं बदला गया है। इसके परिणामस्वरूप गोंडा से प्रतिदिन बहराइच तक यात्रा करने वाले यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस बारे में अनेक अभ्यावेदन भी दिये जा चुके हैं। यद्यपि इस लाइन का शिलान्यास सात जून, 2002 को किया गया था और यह आश्वासन दिया गया था कि इस लाइन को शीघ्र ही बड़ी लाइन में बदल दिया जायेगा। लेकिन अभी तक इस लाइन को बड़ी लाइन में बदलने सम्बन्धी कार्य आरम्भ नहीं किया गया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि इस लाइन को बड़ी लाइन में बदलने का कार्य यथाशीघ्र आरम्भ किया जाये तथा इसका विस्तार तिकोनिया तक किया जाये, ताकि तिकोनिया तक जाने वाले यात्री भी इसका लाभ उठा सकें।